डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

बिहार

दैनिक

पटना, 23 फरवरी, गुरुवार, 2023






## संपादक की कलम से



हमारे कांग्रेस कार्यकर्तागण हम अपने तमाम जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों और तमाम कार्यकर्ता से निवेदन करते है कि कांग्रेस दर्पण में अपने जिले और प्रखंड अस्तर की खबर को भेजें जिसे हम प्रमुखता से स्थान देते हैं, यहां कोई भी छोटा और बड़ा नही समझा जाता। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी को एक ताकतवर अध्यक्ष प्राप्त हुआ है और ऐसे में हम कार्यकर्ताओं की जवाबदेही है कि कांग्रेस से जुड़ी हर बात की जानकारी माननीय अध्यक्ष और तमाम कार्यकर्ताओं तक पहुंचाएं। कांग्रेस दर्पण जिसमें एक सशक्त माध्यम है। आज के इस डिजिटल दुनिया में कांग्रेस दर्पण का निर्माण कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करने की एक पहल है अकबर इलाहाबादी ने कहा था-



**'ना बम निकालो ना तलवार निकालो जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो'**

-डॉ0 संजय कुमार,
संपादक, कांग्रेस दर्पण सह काँग्रेस कार्यकर्ता। संपर्क -8252667278



## एस. जयशंकर से 6 सवाल

1. चीनी अतिक्रमण पर क्या कहेंगे ?
2. अप्रैल 2020 वाली यथास्थिति पर क्या कहेंगे ?
3. पेट्रोलिंग पॉइंट्स बफर जोन क्यों बने ?
4. क्या ढट को आपने सलाह दी कि वो कहें– कोई घुसा नही
5. चीन सीमा पर बन रहे ब्रिज पर चुप क्यों ?
6. चीन के रेलवे लाइन बिछाने से खतरा नहीं ?

# राजेन्द्र आश्रम के सभागार में हम अडानी के हैं कौन श्रिखला में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष डाक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह जी के निर्देशानुसार गया जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय राजेन्द्र आश्रम के सभागार में हम अडानी के हैं कौन श्रिखला में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस जिलाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव जी के मार्गदर्शन में किया गया। प्रेस वार्ता को मुख्य रूप से जिला एवं प्रदेश के सम्मानित नेता श्री अवधेश कुमार सिंह जी ने सम्बोधित किया। देश में बढ़ती मंहगाई, वे रोजगारी और केंद्र सरकार की कूशासन की विफलता के छिपाने के लिए जनता का ध्यान हटाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा विनाशकारी का दंश झेल रहे देशवासियों के साथ कांग्रेस पार्टी कंधा से कंधा मिलाकर खड़ी है। अडानी समुह द्वारा एस,बी,आई, एवं एल,आई, सी, बैंक को केंद्र सरकार के दबाव में आकर जनता के पैसे को लुटा गया है उसपर केंद्र सरकार संसद में श्री राहुल गांधी जी एवं मलिकार्जुन खड़गे जी के भाषण के अंश को हटा दिया गया है जो संसदीय कार्य के गरिमा को गिराता है।




प्रधानमंत्री जी भी इसका जबाव नहीं देते हैं। देश वासी जानना चाहते हैं कि एल, आई, सी, एवं एस, बी, आई, बैंक का पैसा अडानी समुह द्वारा केंद्र सरकार के दबाव में बैंकों से महाघोटाला किया गया है जिसे हिंडेनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट में उजागर हुआ है।,ईस प्रकार प्रधानमंत्री जी अपने ईस्ट मित्र अडानी समुह को अपने समय में विश्व के धनियों में 609से उठाकर महाघोटाला के द्वारा दूसरे स्थान पर ला दिया है। इसपर संसद में बिपक्षी पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी ने जांच हेतु जे,पी,सी का गठन करने या सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश से जांच की मांग किए हैं जिसे केंद्र सरकार गठन नहीं कर रही है। जांच हो जाने से दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। प्रश्न उठता है कि जब घोटाला हो रहा था तो से,बी, क्या कर रही थी। ईस प्रकार प्रधानमंत्री मंत्री जी अपने ईस्ट मित्र पूंजी पतियों के द्वारा बैंक एवं एल, आई, सी,को लूटने का छुट देकर महाघोटाला की है। ईस तथ्य का उजागर हिणडेण वर्ग रिसर्च रिपोर्ट में आने पर अडानी समुह और शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई है। अतः प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से गया जिला कांग्रेस कमेटी केंद्र सरकार से मांग करती है कि इस महाघोटाला की जांच जे,पी, सी,गठनकर या सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश से करवाया जाय। प्रेस वार्ता को जिला अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव जी ने सम्बोधित किया एवं जांच की मांग किए। ईस प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव जी एवं श्री अवधेश कुमार सिंह पूर्व मंत्री, डाक्टर गगन मिश्रा, प्रदीप शर्मा, बाबुलाल प्रसाद सिंह, धर्मेंद्र निराला, मोहम्मद खैरूदीन, युगल किशोर सिंह, बवलू शर्मा, जगदीश प्रसाद यादव, कमलेश चंद्र वंशी, रणजीत सिंह रामप्रमोद सिंह,बिजय कुमार मिठु, दामोदर गोस्वामी, मोहम्मद खैरूदीन, लब्बी सिंह, शिवकुमार चौरसिया आदि शामिल थे।

**-चंद्रिका प्रसाद यादव, अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी गया।**

# एआईसीसी का सदस्य बने हरलाखी के अति पिछड़ा युवा नेता इंजिनियर कमल कमलेश मंडल

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

**मधुबनी ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के द्वारा बिहार से कुल 100 सदस्यों में से हरलाखी विधानसभा क्षेत्र के हरने गाँव के मूल निवासी जो मैकेनिकल से इंजीनियरिंग करने के बाद वकालत की पढ़ाई की और वर्तमान में पटना हाईकोर्ट में अधिवक्ता है ये सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते रहें हैं। बीते साल करोना काल में बिहार के विभिन्न गांव मोहल्लों में राहत सामग्री घर-घर वितरण करने की बात हो या बाढ़ के समय में आम लोगों को राहत वितरण करने की बात हो हर समय सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर अपने निजी खर्चों से समाज का अनुरोध सेवा करने वाले श्री मंडल आगे रहे हैं, वर्तमान में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी में मीडिया पैनलिस्ट है। केंद्र सरकार के झूठे और खोखले वादों के खिलाफ हमेशा सोशल मीडिया तथा प्रिंट मीडिया के माध्यम से अपनी बात को प्रखर रूप में रखने वाले एकमात्र अतिपिछड़ा समाज का नेतृत्व करने वाले युवा समाजसेवी पर कांग्रेस ने भरोसा जताया है इन्होंने हमेशा कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किया है। श्री मंडल ने पत्रकार को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने हमें जो यह दायित्व दिया है इसका हम पूरी निष्ठा और लगन से हर कसौटी पर खरा उतर कर पार्टी के जनाधार को मजबूत करेंगे एआईसीसी सदस्य चुने जाने पर कांग्रेस नेता हर दिल अज़ीज़ आदरणीय राहुल



गांधी,कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी, बिहार कांग्रेस के प्रभारी भक्त चरणदास जी, बिहार कांग्रेस अध्यक्ष सह सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह जी,पूर्व प्रदेश युवा अध्यक्ष कुमार आशीष जी का दिल से धन्यवाद व्यक्त किया।इनको सदस्य बनाए जाने पर पूरे जलि में खुशी का माहौल व्याप्त है। एआईसीसी सदस्य चुने जाने पर मधुबनी जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रो. शीतलाम्बर झा, हिमांशु कुमार, पवन कुमार यादव, आनंद कुमार झा,तारिक अनवर, अजहर खुर्शीद गुड्डू, प्रमोद कुमार मंडल सोनू झा, सितेश पासवान, आभा पांडे ,पूनम झा अनीता देवी सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किए।

# शिक्षा के महानायक मौलाना साहब

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री के रूप में अबुल कलाम आजाद के समक्ष कई चुनौतियां थी। मसलन उस समय देश के पास कोई प्रौद्योगिकी संस्थान नहीं था। विद्यालय-महाविद्यालय की कोई स्पष्ट संरचना नहीं थी। विश्वविद्यालयों का कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए कोई नियामक संस्था नहीं थी। स्वतंत्रता-संग्राम में पूरी तरह समर्पित हो जाने के कारण पढ़ाई छोड़ने वाले लोगों की भी बड़ी संख्या थी, जिनको फिर से शिक्षा से वापस जोड़ना था। साथ ही साहित्य, संगीत और कला आदि को प्रोत्साहन देने वाले मंच व संस्थानों का भी अभाव था।

कुल मिलाकर कहें तो चुनौतियां इतनी थी कि भारत का भविष्य घने कोहरे में घिरा था। आगे का कुछ भी स्पष्ट नहीं था। लेकिन इन चुनौतियों के बीच सूर्य की तरह उभरे अबुल कलाम आजाद जी ने सधे व संतुलित कदमों से एक-एक कर भारत निर्माण का पथ तैयार किया। जिस पर चलते हुए भारत आज यहां तक पहुंचा है।

भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री, भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आज़ाद जी की पुण्यतिथि पर उन्हें मेरा कोटि कोटि नमन।

**आशीष रंजन सिंह**
**राजनितिक विषेलेखक व् शोधकर्त्ता**
**दिल्ली विश्वविद्यालय**



# #कांग्रेस महाधिवेशन

85वें राष्ट्रीय महाधिवेशन की तैयारियों का जायजा लेने रायपुर पहुँचे प्रभारी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल जी, तारिक अनवर जी ने प्रदेश प्रभारी Kumari Selja जी, मुख्यमंत्री Bhupesh Baghel जी, प्रदेश अध्यक्ष Mohan Markam जी के साथ अधिवेशन स्थल का निरीक्षण किया।













अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के 85वें महाअधिवेशन का आयोजन छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित किया जाएगा और लगभग 15,000 प्रतिनिधियों को सत्र में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।यह महाधिवेशन 24 फरवरी से 26 फरवरी तक चलेगी। इसमें कोई अन्य फैसले पार्टी हित में लिए जाएंगे। संभवतः 26 वर्षों बाद उहउ चुनाव भी इसी अधिवेशन में होंगे। महाधिवेशन में इस पूर्ण सत्र 2023 में आगामी चुनाव और 2024 में आम चुनाव के रोडमैप पर चर्चा करेगा। साथ ही राजनीति, अर्थशास्त्र, अंतरराष्ट्रीय मामलों, कृषि, सामाजिक न्याय और युवाओं के रोजगार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा संभव है.इस अधिवेशन का हिस्सा बनने बिहार एवं पूरे देश के कोने कोने से आने वाले डेलीगेटों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन।

**- अमिता भूषण (अध्यक्ष प्रदेश महिला कांग्रेस बिहार व पूर्व विधायक बेगूसराय विधानसभा)**



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का 85वां अधिवेशन मे विधान परिषद दल के सम्मानित नेता पूर्व मंत्री, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष आदरणीय डॉ मदन मोहन झा जी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता श्रीमती अनोखा सिंह जी एवं सैकड़ो नेता एवं कार्यकर्ता के साथ सम्मिलित होने रायपुर जा रही हूं।। जय कांग्रेस।



अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के रायपुर में होने वाले 24-25-26 फरवरी को अधिवेशन में जाते हुए। साथ में प्रदेश के वरिष्ठ नेता भल्लु बाबू, भागलपुर के जिला अध्यक्ष परवेज जमाल साहब,वेतीया से भारत भुषण दुबे,अनिशुल रहमान, नालंदा से संजय महाराज, जहानाबाद से कन्हैया जी इत्यादि



रायपुर (छत्तीसगढ़) में होने वाली भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 85वीं अधिवेशन में शामिल होने के लिए आज पटना से रवाना। छत्रपति यादव सदर विधायक खगड़िया



रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्मिलित होने जा रहा हूं। दोआ करें कि यात्रा सफल रहे और कांग्रेस के अधिवेशन में कुछ ऐसे प्रस्ताव आए जिससे भारत के नवनिर्माण मदद मिल सके।

**Indian National Congress BIHAR अध्यक्ष डॉ Dr Akhilesh Prasad Singh जी के निर्देश पर अल्पसंख्यक विभाग के बिहार चेयरमैन Minnatullah Rahmani जी के द्वारा सुपौल ज़िला में #HathSeHathJodo कार्यक्रम सह पूर्णिया में हो रहे महागठबंधन की रैली में आमजनों की भागीदारी कर उसे सफल बनाने की अपील हेतु स्थानीय लोगों से अपील की।**










# अडाणी, अम्बानी और अहमदाबाद– यह रिश्ता क्या कहलाता

**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

पटना महानगर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष शशि रंजन ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि 25 फरवरी को अमित शाह जी पटना आ रहे हैं। हम बिहारियों को उनसे सवाल करना चाहिए कि 3। अडाणी, अम्बानी और अहमदाबाद– यह रिश्ता क्या कहलाता हैघ् टाटा, बिरला और डालमिया ये भी तो भारत के नामचीन उद्योगपति हैं लेकिन मोदी सरकार सिर्फ अम्बान, अडानी की ही सेवा करती रही ताकि स्वतत्र रूप से ताकि खुलकर भष्टाचार कर सके और जो उन्होंने किया। उन्हें रिश्ता नहीं व्यापार इमानदारी के साथ करना था। मोदी जी ने वायदा किया किया था कि देशवासियों के खाते में पैसे डालेंगे , काला धन वापस लायेगें, कहीं हमलोग उल्टा तो नहीं समझ बैठे.....देशवासियों के खाते एस.बी.आई को लुटवायेंगे। उन्होंने कहा कि क्या देशवासियों को इतना भी अधिकार नहीं है कि वो जान जायें कि उनकी बबार्दी में पीछे बैठा इंसान का सही चरित्र क्या है घ् वित्तमंत्री साहिबा से उम्मीद करें तो ऐसा जबाब देती है कि रेगुलेटर काम कर रहा है। मतलब क्या ये प्लान तो नहीं किया है कि सारा ठीकरा रेगुलेटर पर फोड़ देना है।




रेगुलेटर अब क्यों जाग रहे, उस वक्त क्यों सो रहे थे घ् 2012 में एस.एफ.आई.यू0 अदानी के खिलाफ चार्जसीट दायर किया था, अदानी सहित 12 लोगों पर शेयर के मामले पर जांच की बात की गयी थी। वर्ष 2012 में यू0पी0ए0 सरकार के पर्यावरण विभाग के द्वारा अदानी पोटस के खिलाफ 200 करोड़ का आर्थिक दंड दिया गया था,जिसे भाजपा सरकार ने बिना कोई फाईन किये जुर्माना माफ कर दिया। 16 जनवरी, 2020 को सी.बी.आई. ने अपराधिक मुकदमा कोयले के आपूर्ति के संदर्भ में आन्ध्र प्रदेश पावर जनरेशन कॉरपोरेशन मामले में अदानी पर जांच की थी जिसकी आज तक कोई सूचना प्राप्त नहीं है। कहा था सेबी जब इसके शेयर रात–दिन बेहिसाब ऊपर की ओर भाग रहा था, एक बार भी इनवेस्टीगेशन करना जरूरी नहीं समझाघ सेबी का प्रमुख उद्देश्य भारतीय स्टॉक निवेशकों के हितों का उत्तम संरक्षण प्रदान करना और प्रतिभूति बाजार के विकास तथा नियमन को परिवर्तित करना है। मेहनत की कमाई से बेचारा स्मॉल इन्वेस्टर /ट्रेडर लूट चुका है,क्या जबाब है सेबी के पासघ् एल.आई.सी. कितनों की जिन्दगी का भरोसा देता है और शायद खुद की जिन्दगी का भरोसा नहीं। एक आदमी छोटा सा गुनाह कर दे ंतो बेल लेने में इतनी कंडीशन होती मगर इतना गुनाह कर लेने के बाद भी भारत सरकार का अडाणी पर भरोसा क्या कहते हैं इसकी और भी उपलब्धिया हैं जिस पर काफी भरोसा किया गया। 2002 अडाणी को दिल्ली पुलिस ने नन वेलेवल वारंट इशु किया था। ए.सी.सी सिमेंट ,अम्बुजा सिमेंट का अदानी द्वारा टेकओभर तो महज एक शुरूआत है। आगे भी सिमेंट कम्पनी का टेकओभर हो सकता है। कम्पटिशन कमीशन आफ इंडिया को ध्यान देना होगा कि कंस्टेशन आफ इकनोमिक पावर एक हाथ में बहुत खतरनाक है आने वाले समय में सिमेंन्ट सेक्टर में अदानी की मोनोपॉली हो जाय तो इसमें भारत सरकार को आश्चर्य नहीं करना चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पटना महानगर जिला कांग्रेस के प्रभारी सुबोध कुमार, आई.टी.सेल के चेयरमैन सौरभ सिन्हा, प्रवक्ता निशांत करपटने, कोषाध्यक्ष राजीव मेहता, महासचिव जावेद इकवाल, सचिव पवन कुमार केसरी, रवि कुमार उपस्थित थे।

**–शशि रंजन, अध्यक्ष**

कांग्रेस दर्पण
पटना, गुरुवार
23.02.2023


# मोकामा विधानसभा युवा कांग्रेस का विस्तार के लिए एक बैठक का आयोजन

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

मरांची ग्राम के दुर्गा स्थान प्रांगण स्थित संस्कृतिक भवन में मोकामा विधानसभा युवा कांग्रेस का विस्तार के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया ! इसकी अध्यक्षता मोकामा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजाराम कुमार सिंह ने किया ! संगठन का विस्तार करते हुए मोकामा प्रखंड युवा कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में अंकित कुमार , पंडारख प्रखंड युवा कांग्रेस के रूप में अमन कुमार , मोकामा प्रखंड युवा कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के रूप में सुमन कुमार एवं मोकामा विधानसभा युवा कांग्रेस महासचिव के रूप में रविशंकर कुमार जी को नियुक्त किया गया। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता भवेन्द्र कुमार सिंह ( सरपंच ) , आनंद शंकर जी , बाढ़ विधानसभा युवा कांग्रेस नेता शिवराज कुमार , गणेश कुमार, शंभू कुमार, अजय कुमार, प्रशांत कुमार, संतोष कुमार, अमरनाथ कुमार, रजनीश कुमार, नीरज कुमार, राहुल कुमार, विक्की कुमार, सुधांशु कुमार, सुशांत कुमार, गुलशन कुमार, पिंटू कुमार आदि शामिल हुए





दरभंगा:22 फरवरी। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर मे 24 से 26 फ़रवरी तक चलने वाले कांग्रेस के 85 वें राष्ट्रीय महाधिवेशन मे शामिल होने के लिए दरभंगा ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम चौधरी के नेतृत्व मे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दर्जनों डेलीगेट्स बुधवार को दरभंगा से रायपुर के लिए ट्रेन से प्रस्थान कर गए हैं। इस जत्था मे पीसीसी डेलिगेट श्रीमती प्रतिभा सिंह, मो.असलम, मनोज झा, दयानंद पासवान, प्रो. मिथलेश यादव, सुनील कुमार सिंह आदि मौजूद हैं।




हेमदापुर चक्की, ब्रह्मपुर (बक्सर) में ठरवकके राष्ट्रीय संयोजक अनुराग राज त्रिवेदी जी के नेतृत्व हम सब Dr Akhilesh Prasad Singh जी का स्वागत किया गया एवं किसान आंदोलन के जनक स्वामी सहजानंद सरस्वती जी की 134 वीं जयंती समारोह में शिरकत कर उन्हें स्मरण और नमन किया।

# कांग्रेस अधिवेशन में बाधा उत्पन्न करता था फिरंगी ! अब नकली बजरंगी

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

कांग्रेस के पहले राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल थे 72 प्रतिनिधि इस बार 12000 से ज्यादा लेंगे हिस्सा 138 साल पहले 28 दिसंबर को 1885 में अंग्रेजी हुकूमत ने अरचने की थी इस बार छत्तीसगढ़ के रायपुर में प्रस्तावित 85 वां अधिवेशन जो 24–26 फरवरी को आयोजित है तो एनडीए की सरकार ने अरचने पैदा करने लगी है। अधिवेशन की तैयारी में लगे 5 महत्वपूर्ण नेताओं के ठिकाने पर ईडी का छापा स्टार्ट कर दिया गया है।इस तरह हौसले तोड़े नहीं जा सकते। राहुल– प्रियंका– खरगे के कुशल नेतृत्व में लड़ेंगे कांग्रेसी और जीतेंगे भी।कांग्रेस देश का पहला राजनीतिक संगठन है जिसका अंग्रेजी हुकूमत की जनविरोधी नीति से निजात दिलाने के लिए गठन हुआ था। आजादी से पहले पहला अधिवेशन ब्योमेशचंद्र बनर्जी के अध्यक्षीय काल में मुंबई में हुआ था। रायपुर अधिवेशन जो 2024 लोकसभा चुनाव में देश और काँग्रेस के भविष्य की बड़ी लकीर साबित होगी। उस दौर में गवर्नर काल्विन काँग्रेस का विरोध प्रत्यक्ष रूप में करता था, आज के दौर में देश के गृह मंत्री अमित शाह परोक्ष रूप से कांग्रेस अधिवेशन सहित जन सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों का विरोध करता है। उस दौर में लॉर्ड डफरिन कांग्रेस को कहता था यह जनता के उस वर्ग का प्रतिनिधित्व करती है जिसकी संख्या सूक्ष्म है आज के दिनों में जनविरोधी सरकार सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर डफरिन के बातों को आत्मसात करती है।अंग्रेजों ने कांग्रेस के आठवें अधिवेशन जो इलाहाबाद ( 1893 में ) आयोजित था वहां नहीं होने दिया।



यद्यपि 12 में अधिवेशन में कांग्रेस द्वारा बंकिम चंद्र चटर्जी लिखित भारत का राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाया गया लेकिन गोरी सरकार ने जमकर विरोध किया था।

22 में अधिवेशन कोलकाता में कांग्रेस के मंच से पहली बार स्वराज का प्रयोग दादा भाई नौरोजी की अध्यक्षीय काल में हुआ था।उस समय फिरंगी सरकार के लाल आंख देखते बनता था। 1911 के 26 वें अधिवेशन में अध्यक्ष विशन नारायण धर द्वारा रविंद्र नाथ टैगोर द्वारा रचित राष्ट्रगान जन गण मन पहली बार गाया गया था तब भी गोरी सत्ता अपना सर पटक रही थी। 32 वें कांग्रेस अधिवेशन कोलकाता( 1917 में )एनी बेसेंट की अध्यक्षता में सर्वप्रथम तिरंगे झंडे को पार्टी ने अपनाया था तब भी यह फिरंगी डंडे बरसाए थे।

24 में अधिवेशन मोतीलाल नेहरू के अध्यक्षता में जालियांवाला बाग कांड की निंदा खिलाफत आंदोलन को समर्थन देने का निर्णय लिया जा रहा था उधर फिरंगी अमर सेनानियों पर लाठी बरसा रहा था जब पंडित जवाहरलाल नेहरू के अखिल भारतीय चरखा संघ मंत्री रहते महात्मा गांधी के अध्यक्ष रहते चरखा संघ द्वारा स्वर्ण जयंती के रूप में कांग्रेस अधिवेशन मनाया जा रहा था उस दौर में भी अंग्रेजी हुकूमत अधिवेशन को खारिज करते दिखे। कुल मिलाकर कहें तो अंग्रेजी हुकूमत के हुक्मरान वायसराय कर्जन ने कांग्रेस के बारे में कहा था मौत की अंतिम घड़ियां गिन रही है कांग्रेस।

और तरह–तरह के ज्वलनसील पदार्थ का प्रयोग करते रहा फिर भी कांग्रेस आज 85 वां अधिवेशन मना रहा है। आज उसी के वंशज अधिवेशन में गांधी परिवार के बढ़ते कद बढ़ती जिम्मेदारी से आहत होकर अधिवेशन से पहले ईडी के छापे अधिवेशन को बाधित करने की साजिश के तहत छत्तीसगढ़ कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष सुशील अग्रवाल विधायक देवेंद्र यादव प्रवक्ता आरती सिंह विनोद तिवारी कांग्रेस मीडिया प्रवक्ता आरती सिंह के कई ठिकाने पर अधिवेशन की तिथि से पूर्व ईडी आरपीएफ का छापा वैसे नेताओं पर जो अधिवेशन की तैयारी में दिन रात एक किए हुए हैं कुत्सित मानसिकता का परिचायक है।.............

**–रणजीत कुमार मुखिया जी पूर्व जिला सचिव बेगूसराय कांग्रेस कमेटी**

# अति पिछड़ा वर्ग विभाग कांग्रेस का एक दिवसीय बैठक का आयोजन





**पटना।कांग्रेस दर्पण**

आज दिनांक 22 फरवरी 2023 दिन बुधवार को मसौढ़ी के लखी बाग स्थित आशीर्वाद कमिटी हॉल में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग विभाग कॉन्ग्रेस का एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री शिवपूजन सिंह जी ने किया इस इस बैठक मैं मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष श्री अनुराग चंदन जी उपस्थित हुए। इस बैठक में पूर्व एमएलसी लाल बाबू लाल विशिष्ट अतिथि के रूप में इस सभागार में उपस्थित हुए। इस बैठक में कार्यक्रम का संचालन मसौढ़ी के ऊर्जावान नेता मोहम्मद अरफराज साहिल जी ने किया। इस बैठक में मसौढ़ी प्रखंड एवं धनरूआ प्रखंड के पिछडा एवं अति पिछड़ा वर्ग के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र बांटा गया। जिसमें राजीव रंजन कुमार उर्फ राधे यादव जी को प्रदेश महासचिव, मोहम्मदअरफराज साहिल जी को प्रदेश महासचिव साथ ही थुरी यादव जी को प्रदेश सचिव शेरा चंद्रवंशी जी को प्रदेश सचिव एवं संतोष ठाकुर जी को प्रदेश सचिव एवं उमेश प्रसाद यादव जी को प्रदेश महासचिव बनाया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व विधान पार्षद लाल बाबू लाल जी ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश के गरीब – गुरुवा को जो व्यवस्था प्रदान की है उसको पिछले 9 सालों में भाजपा नीत केंद्र की सरकार ने तहस–नहस करके रख दिया है और लोगों के अंदर एक दूसरे के प्रति नफरत का भाव पैदा किया है। इस अवसर पर ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री अनुराग चंदन जी ने कहा कि आने वाले 2024 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी अपने बलबूते केंद्र की सरकार को उखाड़ कर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी।



पूरे देश में राहुल गांधी जी के द्वारा कश्मीर से कन्याकुमारी तक 3750 किलोमीटर तक की पदयात्रा किया गया वह आज भी देश के अंदर चर्चा का विषय बना हुआ है। देश के सभी वंचित समाज पिछड़ा अति पिछड़ा, दलित, महादलित सभी लोग राहुल गांधी के तरफ उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं।इस कार्यक्रम में यहां के स्थानीय नेता मोहम्मद अरफराज साहिल जी ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे देश में भ्रष्टाचार महंगाई लूट खसौट, बेरोजगारी चरम सीमा पर है गरीब वर्ग केंद्र सरकार की गलत नीतियों से उब चुकी है। पूरे देश में कांग्रेस पार्टी के तरफ लोग उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। इस बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता उदय चंद्रवंशी ,अजीत शर्मा, अनामी शरण सिंह, मसौढ़ी प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पिंटू रजक, धनरूआ प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मृत्युंजय पांडेय, सोहन चंद्रवंशी, मोहम्मद समीम मिस्त्री, गुंडू रंगरेज, राजकुमारी देवी, सीमा देवी, ट्विंकल कुमार, पिंकी देवी, रीना देवी, दीपक पटेल, आर पी पांडेय, आरती पांडेय सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता गण मौजूद थे।





Indian National Congress Jharkhand


रामगढ़ उपचुनाव में सडाम पंचायत के पंचायत के कार्यकर्ताओं के साथ बूथ मैनज्मेंट की तैयारियों पर चर्चा की।पिछली बार से ज़्यादा हर बूथ पर वोट दिला कर ममता देवी जी को न्याय दिलाने को तैयार है महगठबँधन के साथी

# भारत के प्रथम शिक्षामंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद का 65 वीं पुण्यतिथि

पटना। कांग्रेस दर्पण

भारत के प्रथम शिक्षामंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद का 65 वीं पुण्यतिथि आज अरवल जिला कांग्रेस मुख्यालय श्रीकृष्ण आश्रम में जिलाध्यक्ष डॉ धनंजय शर्मा के नेतृत्व में मनाया गया. सर्व प्रथम मौलाना आजाद के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया. इस मौके पर जिलाध्यक्ष डॉ धनंजय शर्मा ने कहा कि मौलाना आजाद एक प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी थे वे कई बार अंग्रेजों के काल कोठरियां में भी गए. 11 नवंबर 1888 को मक्का में जन्मे मौलाना आजाद को पहले 1916 में नजरबंद किया गया था, 1923 में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए, 1930 में फिर से जेल यात्रा किए, 1940 में वे कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनें, स्वतंत्रता के बाद भारत के प्रथम शिक्षामंत्री बने वे 1947 से 1958 तक भारत के शिक्षामंत्री रहें. कोषाध्यक्ष निसार अख्तर अंसारी ने कहा कि मौलाना आजाद का पुरा नाम सैयद गुलाम मोहिउद्दीन अहमद बीन खैरुद्दीन अल हुसैनी था जिन्हें बाद में मौलाना अबुल कलाम आजाद के नाम से जाना गया. वे कई भाषाओं के जानकार थे, कुशल वक्ता और नेक प्रशासक थे. पुण्यतिथि में उपाध्यक्ष श्री कामेश्वर शर्मा, प्रो मदन यादव, संजय कुमार सिन्हा, नईमुद्दीन अंसारी, जावेद अख्तर, मो कैफ, पप्पू कुमार, कृष्णमुरारी कुमार, जयजीत कुमार सहीत अनेक लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया



हेमदापुर चक्की, ब्रह्मपुर में किसान आंदोलन के जनक स्वामी सहजानंद सरस्वती जी की 134 वी जयंती समारोह में शिरकत कर उन्हें स्मरण और नमन किया।



आज ब्रह्मपुर के घोड़–दौड़ मेले का उद्घाटन किया।



आज पटना से बक्सर जाने के क्रम में कार्यकर्ताओं और कांग्रेस परिवार के समर्पित सदस्यों ने जगह – जगह भव्य स्वागत और सम्मान किया, इसके लिए आप सभी को बहुत बहुत आभार।

# जब जब मोदी सरकार डरती है ईडी को आगे करती है

पटना। कांग्रेस दर्पण

## छत्तीसगढ़ की जनता का विश्वास भूपेश सरकार के साथ

छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही ईडी की छापा मार कार्रवाई कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा और यहां हो रहे राष्ट्रीय अधिवेशन से भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार के नेता डर गये हैं। यही वजह है कि वे ईडी को सामने करके कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए जिन नेताओं को जिम्मेदारी दी गयी है उनके यहां मोदी सरकार छापा मरवा रही है। भाजपा यहां कांग्रेस नेताओं को परेशान व बदनाम करके छत्तीसगढ़ की सत्ता हथियाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। लेकिन उन्हें यह नहीं पता है कि छत्तीसगढ़ की जनता और कांग्रेस परिवार छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व सरकार के साथ खड़ी है।छत्तीसगढ़ भाजपा के नेता खुद भ्रष्टाचार के दलदल में गले तक डूबे हुए हैं। उनके मामलों की जांच छोड़कर केंद्रीय एजेंसियां छोड़कर भाजपा के पालतू पशु की तरह कांग्रेस नेताओं ?के पीछे पड़ी हुई हैं। भारतीय जनता पार्टी का इतिहास इसी तरह का रहा है। यहां आंख के ऑपरेशन से लेकर नसबंदी में महिलाओं को मौत के घाट उतारने और झीरम में नक्सलियों के हाथों के कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की हत्या कराने तक के मामले की जांच अब 100 करोड़ का धान घोटाला जैसे कई घोटालों में भाजपा नेताओं के नाम सामने आए, लेकिन 2014 से अब तक किसी भी भाजपा के नेताओं के मामले में जांच केंद्र की मोदी सरकार ने नहीं कराई।जब कांग्रेस गांव, ग्रामीण, किसान और मजदूरों के लिए काम कर रही है तो भाजपा नेताओं को उनकी तरक्की देखकर बुरा लग रहा है। नरवा, गरुवा, घुरुवा और बाड़ी के माध्यम से जनता को फायदा पहुंचा रही है तो यह भाजपा नेताओं को पच नहीं रहा है। छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद स्कूल शुरू कर जब गरीब बच्चों को अंग्रेजी में पढ़ाई करा रही है तो राजशाही मानसिकता वाले भाजपा नेताओं को बुरा लग रहा है।छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ी की बात करने पर भाजपा नेता बौखला रहे हैं। यहां कि संस्कृति को आगे बढ़ाने और यहां के कोदो कुटकी की पहचान विश्वस्तर पर होने से इनकी जमीन खिसक रही है, यही वजह है कि बौखलाहट में कांग्रेस के काम करते देखकर, जनता को मिल रहे फायदा को देखकर, गरीब और किसान को मिल रहे उसके हक को देखकर भाजपा के नेता सरकारी तंत्र का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। डॉ. रमन सिंह की सरकार में बड़े–बड़े घोटाले हुए, रोजगार देने के नाम पर चीटफंड गहोटाले हुए, आज जब कांग्रेस के राज्य में बेरोजगारी कम हो रही है यह भाजपा नेताओं को पच नहीं पा रही है। यही वजह है कि उन्हें परेशान करने के लिए छापे मारे जा रहे हैं, जिससे कांग्रेस के नेता डिस्टर्ब हो और वे अपने काम में फोकस न हो पाएं। भाजपा के नेताओं से कहना चाहता हूं, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार से कहना चाहता हूं कि वह पहले अपने नेताओं के गिरेबान में झांके, उनके भ्रष्टाचार की जांच करें, जो गले तक भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हुए हैं। सरगुजा से बस्तर तक भाजपा नेताओं के भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता ने उन्हें आइना दिखाते हुए उन्हे सत्ता से बाहर कर दी। अगर यही हाल रहा तो आने वाले समय में प्रदेश की जनता छत्तीसगढ़ को भाजपा मुक्त प्रदेश बना देगी। उन्होंने मोदी सरकार से कहा कि वे कांग्रेस के नेताओं को काम करने दें, यहां के जीएसटी को वापस दें और हर दिन कांग्रेस नेताओं के यहां छापा मारना बंद करें।



इंजीनियर मोहिउद्दीन खान

# गया से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महाधिवेशन में शामिल होने कांग्रेसी रायपुर छत्तीसगढ़ रवाना

पटना। कांग्रेस दर्पण

जनता की आवाज उठाने के लिए, देश को नई राह दिखाने के नारो को बुलंद करते हुए आज गया से कांग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्ता छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 24, 25, 26 फरवरी 2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय महाधिवेशन में शामिल होने के लिए गया जंक्शन से रवाना हुए।

रवाना होने वालो में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, दामोदर गोस्वामी, मिथिलेश सिंह, शिव कुमार चौरसिया,



जगदीश प्रसाद यादव, मो समद, असरफ इमाम, रंजीत कुमार सिंह, विनोद उपाध्याय, सुजीत कुमार गुप्ता आदि ने कहा की हम कांग्रेस जन महाधिवेशन में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे।

नेताओ ने कहा की भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 85 वें महाधिवेशन में भारत जोड़ो यात्रा से मिले ऊर्जा से पार्टी जन, जन में सशक्त हुआ है, तथा 2024 लोकसभा चुनाव के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।

नेताओ ने कहा की देश के सजग, साहसी, संघर्षशील, जनप्रिय, लोकप्रिय, ईमानदार विपक्ष कांग्रेस के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी जी के संदेश को आत्मसात कर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान कार्यक्रम के तहत संपूर्ण देशवासियों को पहुंचने, तथा मोदी सरकार के विफलताओं के काला चिट्ठा उजागर करने का काम करेंगे।

नेताओ ने कहा की राहुल गांधी विश्व के लोकतंत्र के इकलौता महानायक है, जिन्होंने 3570 किलोमीटर की ऐतिहासिक पदयात्रा कर कीर्तिमान स्थापित किया है।

## स्वास्थ्य शिविर आयोजन

दिनांक 26/02/2023 रविवार

(कैंप स्थल)

गोपाल जी डेयरी छोटकी पट्टी, पारस मोड़ बाड़गाँव - बगहा



कैंप आयोजन

जयेश मंगल सिंह

नेत्र जांच शिविर



जय सिंह ( कांग्रेस नेता )

मो.9006162750

**आप सभी को अपार हर्ष के साथ सुचित किया जाता है कि**

**बगहा विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी श्री जयेश मंगल सिंह उर्फ जय सिंह जी के नेतृत्व में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन दिनांक 26/02/2023 रविवार को bagaha-1 प्रखंड के गोपालजी डेयरी छोटी पट्टी परसा मोड़ बडगांव बगहा 1 में शिविर का आयोजन किया गया है आप सभी आप सभी सम्मानित कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि अपने अपने क्षेत्रों में प्रचार प्रसार कर जरूरतमंद लोगों को निशुल्क नेत्र शिविर जांच के बारे में बताने तथा निशुल्क नेत्र जांच शिविर तक पहुंचाने की सहयोग करें। साथ ही बताएं जिन मरीजों को आंखों की मोतियाबिंद की ऑपरेशन की आवश्यकता होगी उनको केवल मात्र छपरा आने जाने का किराया ही लगेगा रहना, खाना, इलाज और ऑपरेशन निशुल्क होगा**



कीचर सरके दुर्गान्धित हुआ,
चहु ओर फैला रहा यह रोग।
फूल कमल में विषधर बसा है,
जो डस डस के दे रहा है शोग।
नेता उनके ठग व तड़ीपार सम,
मंत्री पुत्र कृषक पे रौंदाए गाड़ी।
कृषि समस्या ले सब धरना पर,
ठग उड़ेले धन मित्रो पे ही भारी।
बेकारी महगाई से आमजन पढ़
रहे हैं दिवारात्रि अंनत ही गारी।
दिनेश शंकर दास,BPCC

# अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सदस्य बनाए जाने पर बधाई

पटना। कांग्रेस दर्पण

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सदस्य बनाए जाने पर बिहार कांग्रेस महिला की पूर्व अध्यक्ष व बेगूसराय नगर की पूर्व विधायक श्रीमती अमिता भूषण दीदी बेगूसराय खगड़िया के नवनिर्वाचित विधान पार्षद माननीय श्री राजीव कुमार जी बेगूसराय जिला के मिट्टी का लाल पूरे देश में अपना पहचान बनाने वाला बेगूसराय का बेटा डॉक्टर कन्हैया कुमार जी एवं बेगूसराय के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री अभय कुमार सर्जन जी इन चारों नेताओं के साथ-साथ बिहार कांग्रेस के सभी नवनिर्वाचित एआईसीसी सदस्य को प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष गढ़पुरा व एमएलसी अनुमंडल प्रतिनिधि बखरी आभास कुमार झा जी, प्रखंड कांग्रेश उपाध्यक्ष आशीष कुमार, प्रखंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष गायत्री देवी, पूर्व पैक्स अध्यक्ष मनोज राय, प्रखंड उपाध्यक्ष रामप्रवेश पोद्दार, पंचायत अध्यक्ष बलराम पंडित, राम ध्यान शर्मा, महेश्वर कुमार पाल, मनी शर्मा, जितेंद्र कुमार दास, आदि लोगों ने बधाई दीया है।





**पूर्णिया चलने के संबंध में महागठबंधन की बैठक रखी गई इसमें कांग्रेस की सिमरी बख्तियारपुर के विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस मोहम्मद आरजू खान मुखिया मशीन खान मोहम्मद शकील मोहम्मद फिरोज मोहम्मद चांद मनोज राम मोहम्मद उमर मोहम्मद तालीम तमाम महागठबंधन कार्यकर्ताओं के बीच मोहम्मद आरजू खान युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सिमरी बख्तियारपुर**